राधे श्याम जपा करना

संसार के जीवो पे आशा न रखा करना,
जब कोई न हो अपना,
राधे श्याम जपा करना,

इस जीवन में प्यारे दुःख सुख तो आते है,
जो प्रभु के सहारे है वो ही बच पाते है,
भगवन को आता है भगतो पे किरपा करना,
जब कोई न हो अपना,
राधे श्याम जपा करना,

मीरा ने पुकारा था प्रभु नाग रूप आये,
फिर ज़हर प्याले में उस ने दर्शन पाए,
वो लाज बचाते है तुम नाम जपा करना,
जब कोई न हो अपना,
राधे श्याम जपा करना,

दावा न जमा लेना ये घर है बेगाना,
इस घर में कभी प्राणी तुझे वापिस नी आना,
भगवान ये कहते है मिल जुल के रहा करना,
जब कोई न हो अपना,
राधे श्याम जपा करना,

तू दिल से दुखी मत हो प्रभु तुझसे दूर नही,
भगतो का दुखी होना मेरे श्याम को मंजूर नही,
श्याम दोड़े आयेगे तुम नाम जपा करना,
जब कोई न हो अपना,
राधे श्याम जपा करना,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5119/title/sansar-ke-jiwo-pe-asha-na-rakha-karna-jab-koi-na-ho-apna-radhe-shyam-japa-karna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |